क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (सीसीसी) का 11वाँ संस्करण के पहले राउंड में पटना की आद्या सिंह शीर्ष पर

चर्चा में क्यों?

16 जुलाई, 2023 को वार्षिक अंतर-स्कूल राष्ट्रीय क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (सीसीसी) के 11वें संस्करण के प्रथम राउंड की शुरुआत हुई, जिसमें नोट्रे डेम अकादमी, पटना की आद्या सिंह ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

प्रमुख बिंदु

- आद्या सिंह ने प्रतियोगिता की शुरुआत के 18वें मिनट में समाधान प्रस्तुत करने में काफी तेजी दिखाई और शीर्ष स्थान प्राप्त किया।
- द मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, नई दिल्ली की धारा मित्तल और एल. लक्ष्मीश्री, जो अभ्यास दौर में शीर्ष पर रहीं, मामूली अंतर से शीर्ष स्थान से चूक गईं और दूसरे स्थान पर रहीं। यह पहली और दूसरी रैंक के बीच एक सेकंड से भी कम का अंतर था।
- इसमें तीसरा स्थान डीपीएस, बोकारो स्टील सिटी के अनुज और आदित्य मिश्रा को मिला। इन शीर्ष 3 दावेदारों के बीच केवल 32 सेकंड का अंतर रहा।
- उल्लेखनीय है कि इस प्रतियोगिता का पहले चरण का दूसरा राउंड 23 जुलाई और तीसरा राउंड 30 जुलाई को आयोजित होगा।
- 30 जुलाई को होने वाले तीसरे राउंड के बाद लीडरबोर्ड पर संचयी स्कोर तय करेगा कि कौन सी स्कूल टीमें ऑफलाइन चरण II के लिये अर्हता प्राप्त करेंगी।
- तीन राउंड में से किसी एक में किसी राज्य या शहर में शीर्ष पर रहने वाली टीम स्वचालित रूप से अगले राउंड के लिये अर्हता प्राप्त कर लेती है।
- ज्ञातव्य है कि राष्ट्रीय क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड प्रतियोगिता (सीसीसी) 11.0 वर्ष 2013 में शुरू हुई श्रृंखला में 11वाँ संस्करण है, जो पहले प्रकाशित क्रॉसवर्ड का शताब्दी वर्ष है।
- इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवा छात्रों में अन्वेषण, विश्लेषणात्मक सोच और निर्णय लेने की गुणवत्ता की भावना पैदा करना है।
- यह भारत में किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के सातवीं-बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिये खुला है। इसमें एक स्कूल टीम में दो छात्र शामिल होते हैं।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/adya-singh-of-patna-topped-in-the-first-round-of-the-11th-edition-of-crossword-competition-cccc-